Issue-1 | January : 2024

# FJCCI MEDIA

**FEDERATION OF JHARKHAND CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES**

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज



29 YEARS OF TRUSTED LEADERSHIP IN HEALTHCARE

# SHALBY DIVINE
SUPER SPECIALTY HOSPITAL

शैल्बी हॉस्पिटल,अहमदाबाद की गुणवत्ता का अनुभव
अब **शैल्बी डिवाइन हॉस्पिटल, राँची** में

## जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

**स्पेशल ऑफर: 85000/- + इम्प्लांट***

ऑफर सिमित समय के लिए

*शर्ते लागू

# SHALBY
3 Decades of Trust

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **24X7** Emergency Care | **18** Beds Critical Care Unit | **15+** Super Specialties | **03** Class 100 Modular Ots | **100+** Medical Professionals |

## Our Services

Rheumatology & Clinical Immunology | Orthopaedics
Dentistry | Neuro Sciences | Critical Care | Haematology
Emergency & Trauma | General Surgery | Psychiatry
Gynaecology | Pulmonology | Physiotherapy

A Dialysis Unit Care | Isolation Room | 24X7 Pharmacy | Pathology | Radiology

**Shalby Divine Super Specialty Hospital**
Old H.B Road, Sirom Toli, Ranchi, Jharkhand – 834001

**7280001250/56**
info.ranchi@shalby.in

# अध्यक्षीय उद्बोधन



आप सभी सम्मानित सदस्यों को नववर्ष 2024, लोहड़ी, मकर संक्रांति एवं पोंगल पर्व की अनंत शुभकामनाएं। फेडरेशन के स्थानीय प्रभाव को मजबूती देने, जनसमूह के बीच अपने फेडरेशन को लोकप्रिय बनाने तथा फेडरेशन के प्रति व्यापारी एवं उद्यमी बंधुओं की विश्वसनीयता बढ़ाने के पिछले सत्र में हमारे द्वारा किये गये प्रयासों पर आपने निर्णायक मुहर लगाकर, पुनः इस वर्ष मुझे FJCCI का अध्यक्षीय दायित्व सौंपा है, इस हेतु अनेकों धन्यवाद। आपके इस विश्वास का मैं सम्मान करता हूं।

'संघे शक्ति कलियुगे' को प्रधानता देते हुए व्यापारी बंधुओं को साथ लेकर चलने की मेरी नीतियां प्रभावी रूप से सफल हुई हैं। पिछले सत्र के अधूरे कार्यों को वर्तमान सत्र के प्रारंभ से ही पूरे करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने, कृषि उपज विपणन विधेयक को स्थायी रूप से वापस लेने, अभ्रक व आयरन-ओर की खदानों को चालू करने, विद्युत व्यवस्था का निजीकरण करने, राज्य के व्यवसायिक वाहनों के बकाया टैक्स की प्राप्ति एवं नगर निगम से जुडे बकाया टैक्स की प्राप्ति हेतु वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाने, एडवांस टैक्स के विलंब में वाहनों पर लगनेवाले 200 फीसदी जुर्माना को 2 फीसदी ब्याज दर में परिवर्तित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में ड्राइवर एवं कंडक्टर प्रशिक्षण सेंटर की व्यवस्था, ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट एवं एमएसएमई ट्राइबल वूमन एंटरप्रिन्योर को बढावा देने हेतु सरकार से सकारात्मक वार्ता जारी है। सरकार और ब्यूरोक्रेट्स के बीच हमने फेडरेशन के प्रति एक सकारात्मक मोमेंटम बनाया है जिसके दूरगामी परिणाम आयेंगे।

राज्य सरकार के सफल रूप से चार वर्ष पूरे होने पर हम माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी, वित्त मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव जी, माननीय सांसद (राज्यसभा) श्रीमती महुआ माजी जी और समस्त कैबिनेट मंत्रिमंडल को बधाई देते हैं। राज्य के चहुंमुखी विकास में हम सरकार के सहभागी हैं तथा सरकार के प्रत्येक निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि व्यापार-उद्योग के कार्यों में हमें सरकार का भरपूर सहयोग मिलेगा।

साथियों, यह वर्ष चुनाव से भरा हुआ वर्ष है इसलिए हमारे समक्ष भी कई तरह की चुनौतियां सामने होंगी। हम एकजुटता से इन चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता की ओर अग्रसर होंगे। फेडरेशन के हित में मैं सभी पूर्व अध्यक्षगण, कार्यसमिति के सदस्य एवं सम्मानित सदस्यों से मिल-जुलकर कार्य करने का आहवान करता हूं। यह विश्वास दिलाता हूं कि एकजुटता से हम अपने राज्य को अन्य विकासशील राज्यों की श्रेणी में अग्रणी पंक्ति में शामिल करने में सफल होंगे।

**किशोर मंत्री**
अध्यक्ष

## संपादकीय...✍



**नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।**

व्यापार एवं उद्योग जगत की कानूनी जटिलताओं के सरलीकरण के साथ ही फेडरेशन द्वारा भवन नियमितीकरण योजना जैसे जनहित से जुडे मुद्दों पर सकारात्मक रूप से प्रयासों को गति दी जा रही है। फेडरेशन के ही सुझाव पर राइस मिलर्स के मिलिंग के इंसेंटिव दर में वृद्धि का भी निर्णय लिया गया है जिससे राइस मिलर्स के बीच उत्साह का माहौल बना है। झारखण्ड बजट में प्रदेश के स्टेकहोल्डर्स के अनुकूल नीतियों का समायोजन हो सके, इस दिशा में भी सरकार ने हमारे सुझाव को सम्मान देने की सकारात्मक सहमति दी है। वर्तमान कमिटी द्वारा दी गई जिम्मेवारी के अनुरूप पत्रिका का प्रकाशन सदस्यों के अनुकूल हो, इसका हमने भरपूर प्रयास किया है। पत्रिका के इस अंक के कंटेंट आपके सुझाव के अनुरूप ही प्रकाशित किये गये हैं। यदि पत्रिका में और किसी बिंदु पर आपके सुझाव हों, तो हमें अवश्य अवगत करायें। आपके सुझाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**प्रकाश अग्रवाल**
चेयरमेन, FJCCI MEDIA, मो.: +91 94319 00000



नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं। फेडरेशन के सदस्य FJCCI की गतिविधियों के साथ ही सरकारी निर्देशों से अवगत रहें इस उद्देश्य से FJCCI MEDIA का प्रकाशन सार्थक साबित हो रहा है। FJCCI MEDIA को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए आपकी ओर से प्राप्त सभी सुझावों के अनुरूप पत्रिका के इस नये अंक के कंटेंट में मूल-चूल परिवर्तन किये गये हैं। उम्मीद है यह अंक आपको अवश्य ही पसंद आयेगा। प्रदेश में भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, खासमहल से प्रभावित जिलों के विकास हेतु न्यूनतम शुल्क पर खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने, अभ्रक उद्योग के रिवाइवल हेतु कार्रवाई, राइस मिलर्स की समस्याओं पर माननीय मंत्री के साथ वार्ता का संक्षिप्त उल्लेख इस पत्रिका में प्रकाशित है। हमें पूर्ण विश्वास है कि फेडरेशन द्वारा जारी इन सभी प्रयासों का परिणाम जनहित में होगा। आपसे आग्रह है कि FJCCI MEDIA को और अधिक उपयोगी बनाने हेतु अपने सुझाव और शिकायत हमें अवश्य प्रेषित करें। आपके सुझाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**सुनिल सरावगी**
चेयरमेन, FJCCI MEDIA, मो.: +91 76315 55555

# FJCCI OFFICE BEARERS : 2023-24



**KISHOR MANTRI,** PRESIDENT
7277181825 | kishorkmantri@gmail.com



**ADITYA MALHOTRA**
VICE PRESIDENT
9431109684
adityamalhotra2001@yahoo.com



**RAHUL SABOO**
VICE PRESIDENT
9835145450
saboochambers@gmail.com



**PARESH GATTANI**
SECRETARY GENERAL
9431115505
gattaniparesh@gmail.com



**AMIT SHARMA**
JOINT SECRETARY
9835903000
sharma.amit.amit989@gmail.com



**SAILESH AGARWAL**
JOINT SECRETARY
7549000001
drishtitravels@gmail.com



**JYOTI KUMARI**
TREASURER
7004591558
kumari.jyoti14@gmail.com

## REGIONAL VICE-PRESIDENTS : 2023-24



**AMIT SAHU**
RVP- NORTH CHHOTANAGPUR DIV
9431363448
amitsahurmg@yahoo.com



**NITIN PRAKASH**
RVP- KOLHAN
8294267777
nitinprakash143@gmail.com



**PRADIP KR AGARWAL**
RVP- KOYLANCHAL
9431144188
pka7677@gmail.com



**AMIT MAHESHWARI**
RVP- SOUTH CHHOTANAGPUR
9973305005
amitmaheshwari99932@gmail.com



**AKARSH ANAND**
RVP- PALAMAU
7050500005
akarsh.anand18@gmail.com



**PRITAM GADIA**
RVP- SANTHAL PARGANA
7004248776
pritamgadia3@gmail.com

## EXECUTIVE COMMITTEE MEMBERS 2023-24



**ANIL AGARWAL**
EXECUTIVE MEMBER
9835153424
khs_ranchi@yahoo.com



**DR. ABHISHEK RAMADHIN**
EXECUTIVE MEMBER
7506018245
drabhishekkumar4u@gmail.com




**NAVEEN KR. AGARWAL**
EXECUTIVE MEMBER
9431107126
naveengarodia0210@gmail.com



**NAVJOT ALANG(RUBAL)**
EXECUTIVE MEMBER
9431386237
alangnavjot@gmail.com



**PRAVEEN LOHIA**
EXECUTIVE MEMBER
9334130600
praveenlohia27@gmail.com



**RAM BANGAR**
EXECUTIVE MEMBER
9431174521
rambangar@hotmail.com




**ROHIT AGRAWAL**
EXECUTIVE MEMBER
9934300552
rohituk_2000@yahoo.com



**ROHIT PODDAR**
EXECUTIVE MEMBER
9334054210
rp.rohitpoddar@gmail.com



**SAHITYA PAWAN**
EXECUTIVE MEMBER
9334428716
sahityapawan11@gmail.com



**SANJAY AKHOURI**
EXECUTIVE MEMBER
9334706140
sanjayakhourihul@gmail.com



**SUNIL KR. SARAWGI**
EXECUTIVE MEMBER
9471710011
sunil.rangeela@yahoo.in



**SUNIL KUMAR KEDIA**
EXECUTIVE MEMBER
9431157121
skkldg@gmail.com



**VIMAL KUMAR FOGLA**
EXECUTIVE MEMBER
9334425200
vimalfogla@gmail.com



**VIKASH VIJAYWARGIA**
EXECUTIVE MEMBER
9431129676
preetiengineering02@gmail.com

## उपाध्यक्ष की कलम से...



नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! आनेवाला माह आर्थिक जगत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फरवरी माह में आम बजट और झारखण्ड बजट प्रस्तुत किया जाना है। हमें पूर्ण उम्मीद है कि ईओडीबी की अवधारणा के अनुरूप बजटीय उपबंध किये जायेंगे जिससे स्टेकहोल्डर्स लाभान्वित होंगे। प्रसन्नता है कि मौजूदा समय में 6.9 फीसदी विकास दर के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर हमारा झारखण्ड अग्रसर है। राज्य में नई औद्योगिक नीति और स्टार्टअप्स नीति के क्रियान्वयन से भी अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।


भवदीय,
**राहुल साबू**
उपाध्यक्ष



प्रसन्नता है कि राज्य में MSME प्रमोशन पॉलिसी 2023 प्रभावी हो चुकी है। पॉलिसी के प्रभावी होने से राज्य में एक ओर जहां औद्योगिकीकरण को बढावा मिलेगा वहीं दूसरी ओर MSME के लिए अलग से निदेशालय का गठन और सभी जिलों में MSME सेंटर खोलने से नये उद्यमियों को हरसंभव सहायता मिलेगी। आगामी बजट में हमारा फोकस क्षेत्र उद्योग-व्यापार, इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, उर्जा और नगर विकास पर केंद्रित है। संतोषप्रद है कि माननीय वित्तमंत्री ने फरवरी माह में प्रस्तुत किये जानेवाले बजट में हमारी सिफारिशों का समावेश करने के लिए आश्वस्त किया है, जिससे हमारा प्रदेश विकास की दिशा में अग्रसर होगा।

भवदीय,
**आदित्य मल्होत्रा**, उपाध्यक्ष

## सह सचिव का संदेश...



ट्रेड लाइसेंस और होल्डिंग टैक्स से जुड़ी समस्या के समाधान हेतु गत माह निरंतर कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा है कि पहली बार ट्रेड लाइसेंस बनानेवालों के लिए होल्डिंग टैक्स की कॉपी अनिवार्य नहीं है। सिर्फ रेंट एग्रीमेंट और बिजली बिल की कॉपी के आधार पर एकसाथ 10 वर्ष का ट्रेड लाइसेंस लिया जा सकता है। हमने सुझाया है कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन अथवा बिजली बिल की कॉपी के आधार पर वर्षों से किसी एक जगह पर व्यापार कर रहे व्यापारी के लाइसेंस का रिन्यूअल कर दिया जाय, जिसपर विचार के लिए आश्वस्त किया गया है। नव-वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएँ।

भवदीय,
**अमित शर्मा**, सह सचिव



नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! पिछले सत्र की भांति पुनः इस सत्र में फेडरेशन की गतिविधियों के निरंतर आयोजन के साथ ही नीति निर्धारण की योजना में सहभागिता का सफल प्रयास किया जा रहा है। फरवरी माह में वृहद् स्तर पर रांची में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन हमारी भावी योजनाओं में शामिल है। औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई के लिए छोटे-छोटे भूखंड की उपलब्धता, रांची में फूल फ्लेज्ड डीजीएफटी कार्यालय की स्थापना के साथ ही प्रदेश में व्यापार एवं उद्योग आयोग के गठन हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी है। राज्य के औद्योगिक विकास हेतु स्पेशल इकॉनोमिक जोन, इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर और एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन के साथ ही एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी के निर्धारण हेतु सरकार ने बजटीय उपबंध करने की सकारात्मक सहमति दी है जिसके दूरगामी परिणाम आयेंगे।

भवदीय,
**शैलेष अग्रवाल**, सह सचिव

## कोषाध्यक्ष की कलम से...



आप सभी सम्मानित सदस्यों को नववर्ष 2024 की अनेकों शुभकामनाएं। नये वर्ष में आपके व्यापार में उत्तरोत्तर वृद्धि हो, यही हमारी कामना है। FJCCI के वर्तमान सत्र में कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने के बाद फेडरेशन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की कोशिशें निरंतर की जा रही हैं। सत्र के प्रारंभ से अब तक 54 नये सदस्यों को सदस्यता सूचि में जोडना और आगामी माह में वृहद् स्तर पर ट्रेड फेयर का भावी आयोजन हमारे इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है। FJCCI की गतिविधियों के निरंतर आयोजन में होनेवाले खर्चों के साथ ही खर्चों को सीमित करते हुए वित्तिय अनुशासन बनाने के हरसंभव प्रयास हो रहे हैं। मुझे उम्मीद है आप हमारी कार्यप्रणाली से अवश्य ही संतुष्ट होंगे।

**ज्योति कुमारी**, कोषाध्यक्ष



Our 252nd Fair
Ranchi's Favourite Fair is back !
In Association with
Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries
JETA
Organized By
BCC&I THE BENGAL CHAMBER
G S MARKETING ASSOCIATES
www.megatradefair.com
15th India International
Mega Trade Fair
Morabadi Ground, Ranchi
23rd February - 4th March 2024 | 1- 9 PM
Segments :
International, Home & Decor, Finance, Furniture & Interior, Lifestyle, Electronics, Healthcare, Handicrafts & Handlooms
GS CELEBRATING 29
IIMTF
Our 252nd Fair
35,000 Unique Products
Products from 8 Countries & 15 States
Attractive Discount Schemes

# चैंबर की गतिविधियाँ.....



**परेश गट्टानी**
महासचिव

FJCCI के वर्तमान सत्र का कार्यभार संभालने के उपरांत से FJCCI द्वारा सेक्टरवाइज गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। FJCCI की सदस्यता संख्या में विस्तार के साथ ही फेडरेशन को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए फरवरी 2024 में जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के संयुक्त तत्वावधान में पुनः इस वर्ष वृहद् स्तर पर इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। FJCCI MEDIA के इस संकलन में 59वीं वार्षिक आमसभा से लेकर दिसंबर तक की महत्वपूर्ण गतिविधियों के संक्षिप्त ब्यौरा का प्रकाशन किया गया है। प्रमुख गतिविधियों का एक संक्षिप्त सारांश आपके सूचनार्थ प्रस्तुत हैः-

## 59वीं वार्षिक आमसभा के निर्णय




FJCCI की 22 सितंबर 2023 को संपन्न 59वीं वार्षिक आमसभा में सदस्यों की ओर से प्राप्त कुछ प्रमुख प्रस्तावों यथा-फेडरेशन के विस्तार हेतु चुनाव के दौरान प्रत्येक प्रमंडल में वोटिंग की सुविधा विकसित करने और कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152 से 157 के अनुच्छेद 22(vi) के कारण हो रही (नामांकन के समय डिन नंबर की अनिवार्यता को शिथिल करने) समस्या सम्मिलित है। यह कहा गया कि नामांकन से पूर्व डिन नंबर उपलब्ध कराना कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। ये केवल एडवाइजरी है। एक्सपर्ट ऑपिनीयन लेकर आवश्यक संशोधन करना चाहिए। सभा में विचारोपरांत उक्त सुझावों को संविधान संशोधन कमिटी के पास विचारार्थ निर्गत किया गया है।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गठन

मुख्य चुनाव पदाधिकारी श्री ललित केडिया की उपस्थिति में FJCCI के वर्तमान सत्र के पदाधिकारियों का चयन 27 सितंबर 2023 को किया गया। सर्वसम्मति से श्री किशोर मंत्री को पुनः इस सत्र के लिए अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। श्री परेश गट्टानी को महासचिव, श्री आदित्य मल्होत्रा और श्री राहुल साबू को उपाध्यक्ष, श्री अमित शर्मा और श्री शैलेष अग्रवाल को सह सचिव और श्रीमती ज्योति कुमारी को कोषाध्यक्ष चयनित किया गया। नवनिर्वाचित चैंबर अध्यक्ष ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सदस्यों के भरोसे के अनुरूप मैं और हमारी पूरी कार्यसमिति के सदस्य 24 घंटे उपलब्ध हैं, व्यापारी चैंबर के



सदस्य हों या नहीं, निःसंकोच हमसे अपनी समस्याएं साझा करें।

*With best compliments from :*

**Aditya Malhotra**

Victor Corporation (India)
Phone : 9431109684, 9304597973



**Asstt. Governor :**
Rotary Distt. R/3250
**Vice President (FJCCI)**
2022-23, 2023-24
**Past Chairman :**
• Ranchi Anchorage
Round Table • 41 RS Club161
**Past President:**
Rotary Club of Ranchi

**Executive Member:**
Punjabi Hindu Biradri
**Hony. Sec :** RMDA
**Secretary:**
JBDF(Jharkhand Business Development Forum)
**Member :**
Ex. ZRUCC (South Eastern Railway)
**Past Sub Committee Chairman :**
• Civil Aviation • Mines & Minerals
• Chamber Directory

## विदेश राज्यमंत्री के साथ FJCCI की वार्ता




रांची प्रवास के दौरान 5 अक्टूबर को भारत सरकार के विदेश और संसदीय राज्यमंत्री श्री वी. मुरलीधरन ने चैंबर भवन में FJCCI के सदस्यों संग बैठक की। बैठक में उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार ने अपने उद्बोधन के दौरान देश के विकास के लिए पूर्वी क्षेत्र के विकास को जरूरी बताया। उन्होंने विदेश राज्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि देशभर के चुनिंदा राज्य के छोटे-छोटे चैंबर्स को संगठित करने की दिशा में भी भारत सरकार द्वारा आवश्यक पहल की जानी चाहिए। FJCCI द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिनमें मुख्यतः झारखण्ड से निर्यात को बढ़ावा देने हेतु रांची में डीजीएफटी कार्यालय की स्थापना करने, राज्य में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन करने, राजधानी में विश्वस्तरीय ट्रेड सेंटर का निर्माण करने, झारखण्ड के विश्वप्रसिद्ध कुचाई सिल्क की अंतर्राष्ट्रीय पहुंच के लिए भारत सरकार द्वारा सहयोग करने की मांग शामिल है। माननीय विदेश एवं संसदीय राज्यमंत्री श्री वी. मुरलीधरन ने चैंबर अध्यक्ष की सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। यह भी कहा कि हमारी सरकार ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट में कार्यरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने और भारतीय कारोबारियों के व्यापार को बढावा देने हेतु एक्सर्टनल अफेयर मिनिस्ट्री, वाणिज्य और एमएसएमई मंत्रालय मिलकर कार्यरत हैं, जिसके सार्थक परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि झारखण्ड के स्टेकहोल्डर्स की जो भी समस्याएं उनके संज्ञान में लाई जायेंगी, उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया जायेगा।

## गिरिडीह के माननीय विधायक संग वार्ता



चैंबर अध्यक्ष के आमंत्रण पर गिरिडीह के माननीय विधायक श्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह जिला चैंबर के अध्यक्ष श्री निर्मल झुनझुनवाला और फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रदीप अग्रवाल के साथ चैंबर भवन में आकर FJCCI के पदाधिकारियों संग बैठक की। चैंबर द्वारा खासमहल से प्रभावित जिलों की समस्या पर चिंता जताई गई और कहा गया कि खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करना बेहद जरूरी है। स्टेकहोल्डर्स की समस्याओं के साथ ही जनहित से जुडे मुद्दों पर सकारात्मक प्रयास के लिए माननीय विधायक ने FJCCI के प्रयासों की सराहना की। यह कहा कि चैंबर ने जिस तरह अपनी संस्था का राज्यस्तरीय विस्तार किया है, यह सबसे आदर्श स्थिति है और यह राज्य के भविष्य के लिए बेहतर है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य में जल्द ही भवन नियमितीकरण योजना प्रभावी की जायेगी। खासमहल की समस्या पर भी उन्होंने जल्द रेवेन्यू सचिव से वार्ता की बात कही। यह भरोसा दिलाया कि इस वर्ष के अंत तक कोई स्पष्ट नीति जरूर लाई जायेगी। बाजार समिति की दुकानों के किराये में अप्रत्याशित वृद्धि किये जाने पर रांची चैंबर पंडरा के पदाधिकारियों ने चिंता जताते हुए इसमें सहयोग का आग्रह किया।

# अभ्रक उद्योग के रिवाईवल हेतु माननीय वित्तमंत्री से वार्ता



गिरिडीह जिले में रूग्ण होते अभ्रक उद्योग के रिवाइवल हेतु FJCCI ने 7 अक्टूबर को माननीय वित्त मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव से मुलाकात कर सहयोग का आग्रह किया। यह कहा गया कि सरकार ने अनेकों बार अभ्रक उद्योग को पुनर्जीवित करने की प्रतिबद्धता दिखाई है, जिससे इस उद्योग से जुडे उद्यमियों के बीच सकारात्मक संदेश गया है। इसी क्रम में ढिबरा, माईका के कुछ सैंपल्स हैदराबाद स्थित लैब में जांच हेतु जियोलॉजिकल डिपार्टमेंट द्वारा चार माह पूर्व भेंजे गये हैं, जिसकी जांच रिपोर्ट अब तक अप्राप्त है। इन छोटी-छोटी अड़चनों के कारण अभ्रक उद्योग को पुनर्जीवित करने के प्रयास विफल हो रहे हैं। लगभग 150 वर्ष पुराने अभ्रक उद्योग के मृतप्राय होने तथा इनके पुर्नरूत्थान में अग्रतर कार्रवाई नहीं होने के कारण विशेषकर गिरिडीह और कोडरमा जिले में इस उद्योग से जुडे हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है, जिसकी समीक्षा आवश्यक है। रूग्ण होते अभ्रक उद्योग के रिवाईवल हेतु आवश्यक हस्तक्षेप के चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर माननीय वित मंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

# श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण

न्यूनतम मजदूरी की दरों के निर्धारण/पुनरीक्षण हेतु झारखण्ड न्यूनतम मजदूरी परामर्शदात्री पर्षद् की संयुक्त श्रमायुक्त सह निदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 11 अक्टूबर को नेपाल हाउस में आयोजित बैठक में FJCCI के पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल हुए। श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों, बोर्ड, स्थानीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के नियोजन हेतु दिनांक 1.10.2023 से प्रभावी परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सहित दैनिक एवं मासिक न्यूनतम मजदूरी की दरों पर नियोजक प्रतिनिधियों और यूनियन संघ के पदाधिकारियों संग वार्ता कर उनका मंतव्य जाना गया। यह भी निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के अंदर FJCCI द्वारा अपने मंतव्य से विभाग को अवगत कराया जायेगा। विदित हो कि इस मामले में चेंबर द्वारा सभी प्रमंडलों के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और सम्बद्ध संस्थाओं से भी पत्राचार कर उनके सुझाव मांगे गये हैं। सदस्यों के साथ चैंबर भवन मे भी एक बैठक बुलाई गई। इस दौरान ओडीसा, पश्चिम बंगाल और बिहार में प्रभावी दरों की भी समीक्षा की गई। कहा गया कि पहले से ही उद्योग एवं व्यापार जगत कई चुनौतियां का सामना कर रहा है ऐसे में



वर्तमान न्यूनतम मजदूरी की राशि में पांच प्रतिशत तक की ही बढोत्तरी की जानी चाहिए। सदस्यों ने यह भी कहा कि न्यूनतम मजदूरी में ऐसे भी हर 6 माह में वीडीए के आधार पर बढोत्तरी की जाती है जो कि 4 साल में 28 फीसदी की वृद्धि पहले ही हो चुकी है। ऐसे में अलग से और वृद्धि करना उचित नहीं है। सदस्यों की ओर से प्राप्त सुझाव के आलोक में फेडरेशन द्वारा विभाग को अपने मंतव्य से अवगत करा दिया गया है।



## MSMED एक्ट पर कार्यशाला

MSMED एक्ट 2006 में संशोधन पर चर्चा और मंतव्य प्राप्ति के लिए विकास आयुक्त, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित ऑनलाइन बैठक में FJCCI के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में देश के प्रायः सभी राज्यों के चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल थे। उद्योगों द्वारा माल आपूर्ति के एवज में सरकारी विभागों से भुगतान में होनेवाले विलंब और कठिनाई पर चैंबर्स द्वारा विशेष जोर दिया गया। सभी लोगों का कहना था कि उद्योगों के हित में फेलिसीटेशन काउंसिल के निर्देशों के कार्यान्वयन में काफी परेशानी होती है। कॉरपोरेट कंपनियां तो उच्चाधिकारियों के माध्यम से काउंसिल के निर्देशों का कार्यान्वयन आसानी से करा लेती हैं किंतु सूक्ष्म और लघु उद्योगों को कोर्ट का सहारा लेना पडता है। इस हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाय या काउंसिल को ही इतनी शक्ति दी जाय कि वो MSME के बकाया राशि का भुगतान अपने स्तर से ही करा सकें और उद्योगों को सर्टिफिकेट अफसर के पास नहीं जाना पडे। FJCCI द्वारा कहा गया कि एमएसएमई और सीजीटीएमएसइ के बीच एक एमओयू हो जिस अंतर्गत सेंट्रल अप्रूवल सेल से अप्रूव्ड प्रोजेक्ट को बैंकों से कोलेस्ट्रॉल रहित ऋण सुगमता से दिलाया जा सके। कुछ राज्यों के चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा यह भी मांग की गई कि काउंसिल को डिस्ट्रीक्ट लेवल पर कार्यरत किया जाय ताकि लघु उद्यमी इससे अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें। एमएसएमईडी एक्ट 2006 में संशोधन पर भी वृहद् चर्चा हुई और यह सुझाया गया कि मैनुफैक्चरिंग सेक्टर को ज्यादा प्रभावी बनाया जाय।

## राइस मिलर्स की समस्याओं पर वित्त मंत्री के साथ वार्ता

CMR आपूर्ति की समय सीमा बढाने, मिलर्स द्वारा किये गये CMR कार्य के अंतर्गत धान परिवहन हैंडलिंग चार्ज व फोर्टिफाइड कार्य के भुगतान तथा मिलरों को देय प्रोत्साहन राशि को बढाने के मुद्दे पर 13 अक्टूबर को चैंबर अध्यक्ष के नेतृत्व में खरसावां, चाईबासा और चाकुलिया के राइस मिलरों की एक बैठक प्रोजेक्ट भवन में खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव के साथ हुई। यह बताया गया कि मिलर्स द्वारा केएमएस 2022-23 में सीएमआर का कार्य किया जा रहा है, जिस हेतु राइस मिलर्स को सीएमआर जमा करने हेतु विभाग द्वारा अक्टूबर 2023 तक का समय दिया गया है। आग्रह किया गया कि सीएमआर जमा करने की समय सीमा फरवरी 2024 तक की जाय ताकि मिलर डिफॉल्टर न हों। कोल्हान राइस मिलर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि मिलर्स द्वारा केएमएस 2011-22 में किये गये सीएमआर कार्यों के अंतर्गत धान परिवहन हैंडलिंग चार्ज एवं फोर्टिफाइड कार्य का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। जबकि इन कार्यों में बहुत बडी राशि का भुगतान मिलर्स द्वारा कर दिया गया है। निवेदन किया गया कि उक्त कार्यों के एवज में बकाये का भुगतान यथाशीघ्र करने की अनुशंसा की जाय। यह भी कहा गया कि विगत वर्षों में बिजली दर, मजदूरी दर, राइस मिल मशीनरी आदि में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इससे मिलिंग कार्य का



खर्च बहुत अधिक बढ़ गया है। बावजूद इसके मिलिंग चार्ज में कोई बढोत्तरी नहीं हुई है। आग्रह किया गया कि झारखण्ड सरकार द्वारा देय प्रोत्साहन राशि को छत्तीसगढ़, असम, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों की तर्ज पर 150/-रू0 (एक सौ पचास रू0) मात्र प्रति क्विंटल करने की अनुशंसा की जाय। माननीय मंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल की सभी बातों पर सकारात्मक विचार के लिए आश्वस्त किया। यह भी कहा कि कुछ चीजें तुरंत लागू हो जायेंगी और कुछ मांगें बजट से जुडी हुई हैं, जिसे बजट के माध्यम से लाई जायेंगी।

## नगर आयुक्त के साथ वार्ता

निगम से जुडी समस्याओं पर चर्चा हेतु 16 अक्टूबर को FJCCI ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद के जल्द समाधान का आग्रह किया। दुकान के नाम ट्रांसफर में होनेवाली समस्याआ के समाधान के आग्रह पर नगर आयुक्त ने सहमति जताई। ट्रेड लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की जटिलता के सरलीकरण के आग्रह पर नगर आयुक्त ने सूडो



को पत्राचार करने की बात कही। खादगढ़ा बस स्टैंड में बसों से लिये जा रहे टोकन के रूप में वसूली के संबंध में भी वार्ता हुई और निगम के द्वारा बस स्टैंड में अधिकारिक बोर्ड लगाने का अनुरोध किया गया जिसपर नगर आयुक्त ने सहमति जताई। यह भी सुझाया गया कि नगर निगम, चैंबर, बिजली, सडक और यातायात पुलिस के प्रतिनिधित्व से निगम द्वारा को-ऑर्डिनेशन कमिटी का गठन किया जाना आवश्यक है जिसपर नगर आयुक्त ने विचार के लिए आश्वस्त किया। शहर के प्रमुख इलाकों में बरसात के समय सडकों पर जल जमाव की समस्या से भी अवगत कराया गया। कहा गया कि बकरी बाजार एवं सेवा सदन पथ में बरसात के समय सडकों का पानी दुकानों और घरों में भर जाता है। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम और चैंबर की संयुक्त टीम द्वारा जल्द ही इन क्षेत्रों का भ्रमण किया जायेगा। शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए नगर आयुक्त ने चैंबर के माध्यम से दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि अपने दुकान का कचरा सडकों पर ना फेंके। दुकानदार एरिया के सुपरवाइजर से संपर्क कर लें, दुकान खोलने के समय ही कचरा उठाव की आनेवाली गाडी में ही कचरा फेंकें। उन्होंने क्षेत्रवार सुपरवाइजरों के संपर्क नंबर को भी सार्वजनिक करने की बात कही।

## विधि-व्यवस्था के विरोध में प्रेस वार्ता

धनबाद जिले में व्यापारियों के साथ रंगदारी, धमकी, फायरिंग और बमबाजी की घटनाओं से जिले में व्यापारिक गतिविधियों के प्रभावित होने पर फेडरेशन द्वारा 1 नवंबर को चैंबर भवन में प्रेस वार्ता कर, जिला प्रशासन के उदासीन कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई गई। कहा गया कि कठिनाईयां इतनी भयावह हैं कि करवाचौथ त्यौहार जिसकी प्रतीक्षा पूरे एक वर्ष से व्यवसायी समाज करता है, के बावजूद आज धनबाद शहर की दुकानें बंद हैं। चैंबर ने इस मामले में माननीय मुख्यमंत्री और डीजीपी से संज्ञान लेते हेतु त्वरित कार्रवाई की अपील की। यह कहा कि हम राज्य के विकास में सहभागी हैं पर इस तरह के कांड से व्यापारी समाज का मनोबल गिरता है। यदि स्थितियों को जल्द नियंत्रित नहीं किया गया तब हम राज्यभर में बंदी पर विचार करने को बाध्य होंगे।




## डीजीपी के साथ वार्ता

धनबाद जिले की विधि-व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए 1 नवंबर को ही फेडरेशन ने डीजीपी श्री अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर, मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए अलग से टास्क फोर्स का गठन कर, अपराध अनुसंधान में त्वरित कार्रवाई और अपराधियों के मनोबल को नियंत्रित करने की मांग की। यह भी कहा कि जरूरतमंद व्यापारियों को आर्म्स लाइसेंस और बॉडीगॉर्ड मुहैया कराने पर उदारतापूर्वक विचार करना चाहिए। डीजीपी ने प्रतिनिधिमण्डल की बातों पर गंभीरता दिखाते हुए

With best compliments from :
Jay Dadijee Bhandar
Bazar Samiti, Shop No - NA 11,
AMY Ramgarh
Mobile :- 9431363448

Shri Amit Sahu
FJCCI, RVP
North Chhotanagpur
Division



जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए हरसंभव कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारी निर्भिक होकर व्यापार करें, जिला प्रशासन व्यापारियों को हरसंभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मौके पर ही उन्होंने बोकारो डीआइजी को फोन करके धनबाद के व्यापारियों से बातचीत कर, सुरक्षित माहौल बनाने और फ्लैग मार्च करने के लिए निर्देशित किया। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर उन्होंने जिले में अलग से टास्क फोर्स के गठन के लिए भी आश्वस्त किया। मौके पर एडीजी ओपीएस श्री संजय आनंदराव लाटेकर भी मौजूद थे।

## माननीय रेल मंत्री से मुलाकात

माननीय रेल मंत्री के रांची प्रवास के दौरान FJCCI ने मुलाकात की और भारतीय रेल के राजस्व में वृद्धि के साथ ही यात्री सुविधा में बढोत्तरी के अपने सुझावों से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान हमारे अनुरोध यथा-रांची लखनउ (वाया लोहरदगा, बनारस/रांची से पुरी) वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू करने, पुरूलिया-विल्लुपुरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक, झारखण्ड संपर्कक्रांति का विस्तार जयपुर तक, दक्षिण पूर्व रेलवे का पुनर्गठन कर झारखण्ड की राजधानी रांची में मुख्यालय की स्थापना के साथ ही भारतीय रेलवे के राजस्व में वृद्धि के साथ ही यात्री सुविधा में बढ़ोत्तरी हेतु हमारे सभी सुझाव पर माननीय मंत्री ने सकारात्मक विचार की सहमति दी है। इसके अलावा चाईबासा में वैगन की पर्याप्त उपलब्धता, रामगढ़ से सप्ताह में दो दिन दिल्ली के लिए राजधानी एक्सप्रेस का



परिचालन अथवा रामगढ से दिल्ली के लिए वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था और सुबह के समय न्यू गिरिडीह से रांची के लिए ट्रेन का परिचालन का अनुरोध भी किया गया है।

## क्रशर व्यवसायियों की समस्या पर बैठक



क्रशर व्यवसायियों की समस्या पर 4 नवंबर को चैंबर भवन में वृहद् बैठक संपन्न हुई। बैठक में पाकुड, लोहरदगा, गुमला, जमशेदपुर, बोकारो, पलामू, ओरमांझी, टाटीसिलवे, चाईबासा, अनगडा, चुटुपाली के क्रशर व्यवसायियों के अलावा, रांची माईंस क्रशर एसोसियेशन, बालू ट्रक एसोसियेशन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कहा गया कि एनजीटी की प्रभावी रोक हटने के बाद भी बालू आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। जेएसएमडीसी की उदासीन कार्यप्रणाली से 654 बालू घाट में से अब तक केवल 22 घाटों की नीलामी हो सकी है जिस कारण विकास के कार्य बाधित हो रहे हैं। खनन पट्टे से 5 कि0मी0 की दूरी के अंदर ही क्रशर का संचालन करने के झारखण्ड पॉल्यूशन बोर्ड के निर्णय पर नाराजगी जताते हुए क्रशर संचालकों ने इस निर्णय को तर्कसंगत बताते हुए इस निर्णय को शिथिल करने की मांग की। व्यवसायियों ने रॉयल्टी, पत्थर खदान के ऑक्शन में होनेवाली समस्या से भी अवगत कराया। फेडरेशन द्वारा खनन सचिव से जल्द ही मिलकर समस्या के निराकरण का प्रयास किया जायेगा।

## एयरपोर्ट डायरेक्टर के साथ चैंबर की वार्ता



बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से यात्री सुविधा में बढोत्तरी के साथ ही यात्रियों की ओर से मिल रही परेशानियों के समाधान हेतु 6 नवंबर को FJCCI प्रतिनिधिमण्डल ने एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री राघवेंद्रा रत्ना मौर्या से मुलाकात की। इस दौरान कई नई सेक्टर्स के लिए विमान सेवा शुरू करने की मांग की गई जिनमें मुख्यतः रांची से हैदराबाद, जयपुर, सिलीगुडी, गुवाहाटी, वाराणसी, अमृतसर, सूरत, रायपुर, इंदौर और देहरादून शामिल है। यह भी सुझाया गया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए विमान के किराये को उचित मूल्य में रखा जाय ताकि यात्रियों को अत्यधिक किराया ना चुकाना पडे। एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री मौर्या ने चैंबर की सभी मांगों पर विमानन कंपनियों के साथ वार्ता के लिए आश्वस्त किया। यात्रियों की ओर से मिल रही सूचना के समाधान हेतु फेडरेशन द्वारा फास्ट टैग व्यवस्था से पार्किंग का शुल्क लेने और फ्री लेन के सामने साइनेज लगाने की बात कही गई जिसपर उन्होंने उचित विचार के लिए आश्वस्त किया है।

## वाणिज्यकर आयुक्त के साथ वार्ता

प्रोफेशनल टैक्स में निबंधन के दौरान होनेवाली कठिनाइयों के समाधान हेतु FJCCI ने वाणिज्यकर आयुक्त श्री संतोष वत्स से विभागीय कार्यालय में मुलाकात की। डीलरों की ओर से मिल रही शिकायत से अवगत कराते हुए कहा गया कि सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से प्रोफेशनल टैक्स के निबंधन में व्यापारियों के समक्ष कठिनाईयां हो रही हैं। बताया गया कि पोर्टल में ऐसे कई कॉलम हैं जो आम व्यवसायियों के लिए उपयुक्त नहीं हैं अथवा उनके लिए लागू नहीं हैं। विभागीय आयुक्त ने चैंबर की शिकायत को उपयुक्त मानते हुए मौके पर ही इससे जुडी टीम को बुलाकर परामर्श किया और निबंधन की प्रक्रिया के

With best compliments from :

Jharkhand Consumer Products Distributors Association



SANJAY AKHOURI
President - JCPDA
Executive Committee Member- FJCCI
Mob. : 93347 06140, 96310 40404
Email : sanjayakhourihul@gmail.com



सरलीकरण का निर्देश दिया। यह भी कहा कि संबंधित विभाग से भी सामंजस्य बनाकर समस्या को रिसॉल्व कराया जायेगा। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर उन्होंने जल्द ही चैंबर भवन में भी आकर डीलर्स के साथ संवाद के लिए आश्वस्त किया।

## झारखण्ड एग्रो हॉर्टिकल्चर एसोसियेशन के सदस्यों संग वार्ता



मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आपूर्ति किये गये पौधे एवं अन्य बागवानी सामग्री के एवज में भुगतान में विलंब होने पर हो रही समस्या पर 27 नवंबर को झारखण्ड एग्रो एंड हॉर्टिकल्चर एसोसियेशन के सदस्यों ने चैंबर भवन में आकर अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री से मुलाकात की और मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। अवगत कराया गया कि वित्तिय वर्ष 2020 से 2023 तक सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पौधे एवं बागवानी सामग्री की आपूर्ति किये जाने के बाद भुगतान में विलंब किया जा रहा है जिस कारण आपूर्तिकर्ता वित्तिय संकट से जूझ रहे हैं। यह मांग की गई कि बिरसा हरित ग्राम योजना का एक अलग बागवानी मद में फंड दिया जाय। आपूर्ति करने के बाद विपत्र देने के उपरांत भुगतान का निर्धारित समय दिया जाय कि कितनों दिनों के बाद भुगतान किया जायेगा। सरकार से यह भी मांग की गई कि बागवानी मद के लिए हरेक माह भुगतान करने की तिथि सुनिश्चित की जाय। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने संघ के सदस्यों की बातें सुनी और आश्वस्त किया कि जल्द ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर मामले का सुगम समाधान कराया जायेगा।

## देवघर एयरपोर्ट से इंपोर्ट-एक्सपोर्ट सेवा पर बैठक का आयोजन



एक्सपोर्ट-इंपोर्ट से जुड़े व्यवसायियों के लिए देवघर एयरपोर्ट से शीघ्र ही एयर लॉजिस्टिक (विमान सेवा) प्रारंभ होने के विषय पर Samjog Freight Pvt. Ltd. के मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश मेहता एवं उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक मधुबन वेजिस हॉल में संपन्न हुई। बैठक में गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स, देवघर जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों तथा माइका व्यवसाय से जुड़े गिरिडीह के स्थानीय निर्यातकों ने मुख्य रूप से भाग लिया। गिरिडीह से विदेश या देश के प्रमुख शहरों में पार्सल / शिपमेंट कम से कम खर्च में और कम से कम समय में भेजने हेतु माइका एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजेंद्र बागड़िया और एवं FJCCI के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रदीप अग्रवाल द्वारा प्रस्ताव दिया गया। बैठक के दौरान माह दिसम्बर के मध्य तक कार्गो/एयर लॉजिस्टिक सेवा बहाल कराए जाने पर निर्णय लिया गया।

## राज्य शहरी विकास एजेंसी के निदेशक संग वार्ता



ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया की जटिलता के सरलीकरण हेतु FJCCI ने राज्य शहरी विकास एजेंसी के निदेशक श्री अमित कुमार से मुलाक़ात की। अवगत कराया गया कि दस्तावेजों की कमी के कारण लाइसेंस बनाने में कठिनाई हो रही है जिसका समाधान

